Rapid Fire करेंट अफेयर्स (30 January)

- **30 जनवरी:** देशभर में **शहीद दिवस** का आयोजन। 1948 में आज ही के दिन नाथूराम गोडसे ने दिल्ली के बिड़ला हाउस में महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन धारण कर महात्मा गांधी को तथा देश की आज़ादी के लिये शहीद होने वाले अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाती है।
- DRDO ने एंटी-रेडिएशन मिसाइल का सफल परीक्षण किया। ओडिशा के तट से एक युद्धपोत से लंबी दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाला यह प्रक्षेपास्त्र (LRSAM) एक नई **एंटी-रेडिएशन मिसाइल** है, जो करीब 100 किमी. तक दुश्मनों को निशाना बना सकती है। DRDO ने इसका विकास इज़राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज़ के साथ मिलकर भारतीय नौसेना के लिये किया है। यह मिसाइल सभी तरह के सर्विलांस और राडार सिस्टम को ध्वस्त कर सकने में सक्षम है।
- केंद्रीय विद्यालयों में रोज़ाना सुबह की प्रार्थना सभा में हिंदी और संस्कृत में प्रार्थना करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका को सुनवाई के लिये संविधान पीठ के पास भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की बेंच के अनुसार, यह धार्मिक महत्त्व का मुद्दा है, इसलिये **संविधान पीठ** ही इस पर कोई फैसला ले सकती है। गौरतलब है कि केंद्रीय विद्यालयों में 1964 से संस्कृत और हिंदी में सुबह की प्रार्थना होती रही है। जनहित याचिका में 'रिवाइज्ड एजुकेशन कोड ऑफ **केंद्रीय विद्यालय** संगठन' की वैधता को चुनौती दी गई है और इसे संविधान के अनुच्छेद 25 और 28 के खिलाफ बताया है। आपको बता दें कि अनुच्छेद 92 में केंद्रीय विद्यालयों में होने वाली सुबह की प्रार्थना की प्रक्रिया के बारे में बताया गया है। इसके अनुसार, 'स्कूल में पढ़ाई की शुरुआत सुबह की प्रार्थना से होगी और सभी बच्चे, अध्यापक एवं प्रधानाचार्य इस प्रार्थना में हिस्सा लेंगे।
- गणतंत्र दिवस के मौके पर निकाली गई झांकियों (Tableau) में त्रिपुरा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की झाँकियों ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में त्रिपुरा को पहले पुरस्कार के लिये चुना गया। इस बार त्रिपुरा की झाँकी में '**गांधीवादी तरीके से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तीकरण**' की झलक दिखाई गई थी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की झाँकी '**50 गौरवशाली वर्षों से राष्ट्रीय संपदा की सुरक्षा**' की थीम पर आधारित थी, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की झाँकी को '**किसान गांधी**' की तर्ज पर तैयार किया गया था। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को '**वंदे मातरम**' पर उसकी झाँकी के लिये विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- प्रयागराज में चल रहे कुंभ में उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिये 22 कैबिनेट मंत्री प्रयागराज पहुँचे थे। इस बैठक प्रयागराज की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिये 600 किमी. लंबा **गंगा एक्सप्रेस वे** बनाने का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2000 में उत्तराखंड के अलग होने के बाद यह पहला मौका है, जब राज्य में कैबिनेट बैठक राजधानी लखनऊ से बाहर हुई। इससे पहले 1962 में गोविंद बल्लभ पंत के शासन में एक बार प्रदेश कैबिनेट की मीटिंग नैनीताल में हुई थी।
- भारत का वैश्विक ब्रांड '**टाटा**' दुनिया के टॉप-100 सबसे कीमती ब्रांड्स में शामिल होने वाला देश का पहला ब्रांड बना। 2019 की शुरुआत में टाटा ब्रांड की वैल्यू 19.5 बिलियन डॉलर (लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपए) आँकी गई। लंदन की ब्रांड फाइनेंस द्वारा जारी इस लिस्ट में 'टाटा' को 86वाँ स्थान मिला है, जबकि पिछले वर्ष यह 104वें स्थान पर था।
- थल सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत सहित 19 वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है **परम विशिष्ट सेवा पदक** शांतिकाल में असाधारण सेवाओं के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। 15 लेफ्टिनेंट जनरलों और तीन मेजर जनरलों को भी परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। आपको बता दें कि सेना, नौसेना, वायुसेना के साथ-साथ प्रादेशिक सेना की टुकड़ियाँ, अतिरिक्त सैन्य बल एवं रिज़र्व बल (सम्मिलित किये जाने पर), अथवा विधि द्वारा स्थापित किसी भी सशस्त्र बल के सभी रैंकों के सैनिक व अधिकारी, सशस्त्र सैन्य बलों में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी तथा नर्सिंग सेवा से जुड़े अन्य सदस्य इसके लिये पात्र (Eligible) हैं।
- कुछ समय पहले **गोल्डन ग्लोब समुद्री रेस** में गंभीर रूप से घायल हुए नौसेना के कमांडर अभिलाष टॉमी को उनके उल्लेखनीय साहस के लिये नाव सेना मेडल से नवाज़ा गया। इस रेस में ऑस्ट्रेलिया के निकट बीच समुद्र में उनकी पाल नौका तूफान में फँसकर क्षतिग्रस्त हो गई थी और वे चार दिन तक घायलावस्था में उसी नाव में मौत से संघर्ष करते रहे। आपको बता दें कि गोल्डन ग्लोब रेस में 50 साल पहले नौका दौड़ में उपयोग की जाने वाली नौकाओं में अकेले ही दुनियाभर के समुद्रों में 30 हज़ार मील का चक्कर लगाना होता है, जिसमें संचार उपकरणों को छोड़कर किसी भी आधुनिक तकनीक की अनुमति नहीं होती।
- केंद्र सरकार ने क्षेत्रीय संपर्क योजना **उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक)** के तीसरे चरण में छोटे तथा मझोले शहरों के लिये 235 नए वायुमार्ग शुरू करने का फैसला किया है। इनमें सी-प्लेन के 6 मार्ग (वाटरड्रोम) भी शामिल हैं। इनमें गुवाहाटी रिवर फ्रंट, नागार्जुन सागर, साबरमती रिवर फ्रंट, शत्रुंजय बांध, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और उमरांगसो संरक्षित क्षेत्र शामिल हैं। इनके अलावा 16 बिल्कुल नए और 17 कम उपयोग में लाए जा रहे हवाई अड्डों से भी उड़ान के इस चरण में सेवा शुरू होगी। कुल आवंटित 235 मार्गों में से 189 का आवंटन पारंपरिक उड़ान योजना के तहत किया गया है, जबकि 46 मार्गों का आवंटन 'पर्यटन उड़ान' के तहत किया गया है, जिसके लिये ऑपरेटरों को क्षतिपूर्ति की राशि विमानन मंत्रालय के बजाय पर्यटन मंत्रालय द्वारा दी जाएगी।
- केरल में हाल ही में '**ऑपरेशन ओलंपिक**' शुरू किया गया है। इसके तहत राज्य का खेल विभाग और राज्य खेल परिषद मिलकर 123 एथलीट्स को ओलंपिक के लिये तैयार करेंगे। ऑपरेशन ओलंपिक का उद्देश्य भारत और विदेशों के प्रख्यात प्रशिक्षकों की सहायता से इन एथलीट्स को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करना है। इसके तहत एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, साइकिलिंग, तैराकी, शूटिंग, कुश्ती, बैडमिंटन, तलवारबाज़ी, नौकायन और तीरंदाज़ी में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- अफगानिस्तान में लगभग दो दशकों से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिये **अमेरिका और तालिबान** के बीच वार्ताओं का दौर जारी है। हाल ही में

इसमें तब महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई, जब दोनों पक्ष शांति समझौते के मसौदे पर सैद्धांतिक तौर पर सहमत हो गए। अमेरिका के विशेष दूत जालमे खलीलजाद इस मुद्दे पर तालिबान के प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे हैं।

- पाकिस्तान सरकार ने **गन्ने के रस** को राष्ट्रीय पेय घोषित किया है। पाकिस्तान सरकार द्वारा कराए गए एक पोल (Poll) के आधार पर ऐसा किया गया है। पाकिस्तान सरकार ने एक ट्विटर पोल करवाया था, जिसमें यह पूछा गया था कि नेशनल ड्रिंक किसे होना चाहिये। इस ट्विटर पोल में संतरे का जूस, गाजर का जूस और गन्ने का रस शामिल था। सबसे ज्यादा 81 फीसदी वोट गन्ने के रस को मिले।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-30-01-2019